# खेल दिवस पर एसकेआरएयू में खेल गतिविधियां आयोजित



**बीकानेर @ पत्रिका.** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर एसकेआरएयू में शनिवार को खेल गतिविधियां आयोजित कर विद्यार्थियों में खेल भावना, अनुशासन, फिटनेस तथा स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता विकसित करने के लिए प्रेरित किया गया। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. एचएल देशवाल ने विद्यार्थियों को शारीरिक स्वास्थ्य के साथ व्यक्तित्व विकास, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना के विकास के लिए खेलों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। खेलकूद सचिव डॉ. अशोक कुमार ने बताया कि विद्यार्थियों ने बैडमिंटन एवं टेबल टेनिस का अभ्यास किया। राजकीय शाला क्रीडा संगम नंबर 1 फोर्ट स्कूल मैदान पर कार्यक्रम आयोजित हुआ।

वॉलीबॉल प्रशिक्षक धूमल भाटी ने खिलाड़ियों को मेजर ध्यानचंद के खेल जीवन के संस्मरण सुनाए। इस अवसर पर जिमनास्टिक प्रशिक्षक शिवराज सिंह शेखावत, अशोक कुमार प्रजापत, युद्धवीर सिंह भाटी एवं वॉलीबॉल प्रशिक्षक दिलीप सिंह राठौड़, सुमन तंवर आदि ने विचार व्यक्त किए।

दैनिक भास्कर बीकानेर 30-08-2026

दैनिक भास्कर

# शहर की हलचल

## राष्ट्रीय खेल दिवस: एसकेआरएयू कैंपस में आयोजित की गई खेल गतिविधियां




बीकानेर| राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर एसकेआरएयू परिसर में शनिवार को विभिन्न खेल गतिविधियां आयोजित की गईं। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में खेल भावना, अनुशासन, फिटनेस और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. एचएल देशवाल ने विद्यार्थियों से कहा कि खेल केवल शारीरिक स्वास्थ्य तक सीमित नहीं हैं, बल्कि व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना को भी मजबूत करते हैं। उन्होंने आग्रह किया कि विद्यार्थी खेलों को दैनिक दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा बनाएं। खेलकूद सचिव डॉ. अशोक कुमार के अनुसार मेजर ध्यानचंद की जयंती के अवसर पर विद्यार्थियों ने बैडमिंटन और टेबल टेनिस का अभ्यास किया। विश्वविद्यालय "एक घंटा खेल के मैदान में" की भावना को आगे बढ़ाते हुए विद्यार्थियों को हर दिन कम से कम एक घंटा खेल गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित कर रहा है।